



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 06 जून-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 237 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया









# दिल्ली में धमकी CJP

## शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन

● नीट-यूजी पेपर लीक समेत परीक्षा संबंधी विवादों को लेकर बुलंद किए नारे

● आंदोलन में सोनम वांगचुक ने भी की भागीदारी



**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले जंतर-मंतर पर जुटे छात्रों और युवाओं ने नीट-यूजी पेपर लीक समेत परीक्षा संबंधी विवादों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। अमेरिका से लौटे कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके ने आंदोलन का नेतृत्व किया। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के फाउंडर अभिजीत दिपके शनिवार को 'जय भीम' के नारों के बीच जंतर-मंतर स्थित प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र और युवा शामिल हुए. कॉकरोच जनता पार्टी प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और नीट-यूजी पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर यह प्रदर्शन कर रही है। एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी कॉकरोच जनता पार्टी के दिल्ली जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में शामिल हुए। सीजेपी के अभिजीत शनिवार सुबह 7:45 बजे अमेरिका से दिल्ली पहुंचे। वे करीब एक घंटे बाद एयरपोर्ट से बाहर आए। बाहर आने में देरी की वजह सामने नहीं आई। अभिजीत ने बाहर आकर अंबेडकर की किताब को हाथ में उठाया। जंतर-मंतर पर सीजेपी का आज पहला प्रदर्शन रहा। यह प्रदर्शन NEET-UG पेपर लीक और CBSE, CUET SSC-GD जैसी परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के खिलाफ किया गया। पार्टी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही है। सीजेपी ने प्रदर्शन में शामिल होने वाले समर्थकों के लिए एक गाइडलाइन भी जारी किया। इसमें समर्थकों से सनस्क्रीन लगाकर, नाश्ता करके आने, हाथ में तिरंगा, फूल और किताब लाने जैसी 8 अपील की गई थी। कॉकरोच जनता पार्टी पॉलिटिकल पार्टी बनेगी या नहीं फिलहाल यह तय नहीं है। पार्टी को सोशल मीडिया पर जनता का भारी समर्थन है। लेकिन देश में 6 ऐसी पार्टियां रहीं, जो केंद्र और राज्य की मौजूदा सरकार का विरोध करके चर्चा में आईं और राजनीति पार्टी बन गईं।

## योगी के 'टोंटी वाले' तंज पर अखिलेश यादव का तीखा पलटवार



**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने सीएम योगी के टोंटी वाले तंज पर पलटवार किया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से लिखा- विज्ञान कहता है कि किशोरावस्था में किया गया वनस्पति का अत्यधिक सेवन व्यक्ति के बोलने और समझने की क्षमता को प्रभावित करता है। वहीं, मनोविज्ञान कहता है कि बचपन और किशोरावस्था के अनुभव व्यक्ति की भाषा, व्यवहार और व्यक्तित्व पर गहरी छाप छोड़ते हैं। वही संस्कार आगे चलकर सार्वजनिक जीवन में भी झलकते हैं। सीएम के 'करप्ट माउथ' होने की वजह शायद यही है। जिन्हें सीएम का इतिहास नहीं पता, उनके लिए यह दबाई गई जानकारी है।

## खान सर आज नहीं करेंगे सरेंडर अग्रिम जमानत याचिका दायर करेंगे

**पटना।** फैजल खान उर्फ खान सर पर प्राथमिकी दर्ज हुए 24 घंटे बीत गए लेकिन पटना पुलिस उनको गिरफ्तार नहीं कर पाई। अब फैजल खान के वकील पटना सिविल कोर्ट पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह सरेंडर नहीं करेंगे। पटना पुलिस ने गलत आरोप लगाकर उनपर प्राथमिकी दर्ज की है। पूरी एफआईआर ही गलत है। उन्होंने गोली चलाने का आदेश भी नहीं दिया है। हमलोग कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दायर करेंगे। उन्हें फंसाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वकील ने आज ही अग्रिम जमानत याचिका दायर करने की कोशिश की लेकिन समय खत्म होने के कारण वह आज ऐसा नहीं कर पाए। इसलिए अब वह सोमवार को जमानत याचिका दायर कर सकते हैं। यानी पटना पुलिस के पास खान सर को गिरफ्तार करने का विकल्प खुला है। अब देखना है कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर पाती है या नहीं।

## पेपर लीक के मुख्य आरोपी शुभम की न्यायिक हिरासत 15 जून तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी शुभम खैरनार की न्यायिक हिरासत 15 जून तक बढ़ा दी। खैरनार को उनकी पिछली न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया गया था। वहीं, मामले की एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला 9 जून के लिए सुरक्षित रख लिया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने वाघमारे की जमानत का कड़ा विरोध करते हुए उन्हें पूरे षड्यंत्र की अहम साजिशकर्ता बताया है। विशेष CBI न्यायाधीश अजय गुप्ता की अदालत में वाघमारे की ओर से अधिवक्ता श्रेयस गच्छे और CBI की ओर से वरिष्ठ लोक अभियोजक नीतू सिंह ने अपने-अपने पक्ष रखे। CBI ने अदालत को बताया कि मनीषा वाघमारे ने सेवानिवृत्त रसायन विज्ञान शिक्षक प्रह्लाद कुलकर्णी और पुणे निवासी धनंजय लोखंडे के साथ मिलकर लीक हुआ प्रश्नपत्र हासिल किया और उसे आगे वितरित किया।

## हिमाचल में भूकंप के झटके कई मकान क्षतिग्रस्त, छत भी गिरी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भूकंप के कारण रातभर लोग दहशत में रहे हैं। रात 10.04 बजे हुआ 5 की तीव्रता के भूकंप के बाद दो बार फिर धरती हिली। 11.04 बजे 2.8 और 11.52 बजे 3 तीव्रता का भूकंप आया। तीनों का केंद्र चंबा जिले में ही रहा। इस कारण लोग रातभर सो नहीं पाए। पहला झटका काफी तेज था, जिस कारण कई जगह नुकसान भी हुआ है। जिला कांगड़ा के धर्मशाला और शाहपुर में कई जगह घरों में दरारें आई हैं। कैरी पंचायत में तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। यहां होटलों में ठहरे पर्यटक भी सहम कर कमरों से बाहर आ गए। होटलों में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## गाजियाबाद में एक और मदरसा सील

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनावनी में अवैध रूप से संचालित मदरसे को प्रशासन की टीम ने शनिवार को सील कर दिया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कैलाश चंद तिवारी ने यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि कनावनी स्थित मदरसा जामिया खुल्फा-ए-शिदीन गैर मान्यता प्राप्त है और अवैध रूप से संचालित हो रहा था। मदरसे के पास दमकल व विद्युत सुरक्षा विभाग की एनओसी भी नहीं है। बता दें कि पिछले सप्ताह महापौर ने दो किशोरों को हरनंदी (हिंडन नदी का प्राचीन का नाम) में मांस फेंकते हुए पकड़ा था। पूछताछ में इस मदरसे का नाम सामने आया था। इसके बाद महापौर सुनीता दयाल ने जांच के आदेश दिए थे। सूर्या हत्याकांड के बाद अब तक प्रशासन ने दो खोड़ा में और एक कनावनी में कुल तीन अवैध मदरसों पर ताला जड़ा है।

## रील बनाते समय राप्ती में डूबे दो युवक, एक की मिली लाश

**पीपीगंज ( गोरखपुर )।** राप्ती नदी के करतहरी-बढ़या पीपा पुल पर शनिवार दोपहर में नदी में नहाते समय रील बना रहे दो युवक नदी में डूब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पीपीगंज पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से एक युवक का शव बरामद कर लिया, जबकि दूसरे युवक की तलाश जारी है। एसडीआरएफ टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। सहजनवा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गाही गांव के युवक बाइक से शनिवार सुबह राप्ती नदी के करतहरी-बढ़या पीपा पुल पहुंचे थे। वहां सभी युवक मोबाइल से रील बनाते हुए नदी किनारे घूम रहे थे। इसी दौरान कुछ युवक नहाने के लिए नदी में उतर गए।

## घायल को लेकर जा रही कार डंपर से टकरायी पांच की जान गयी

**नई दिल्ली।** गुजरात के मोरबी-हलवद हाईवे पर चरड़वा गांव के बाहरी इलाके में बीती रात तेज रफ्तार कार फैक्ट्री से निकल रहे डंपर से टकरा गई, जिससे कार के टुकड़े-टुकड़े हो गए। इस हादसे में कार में सवार 7 लोगों में से 5 की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों की हालत बहुत गंभीर है। इस हादसे के पीछे एक बहुत ही दुखद कहानी है। रणछोड़गढ़ गांव के दिलीप दहैया का 24 साल का बेटा परेश हलवद तालुका के मानसर गांव के पास बाइक पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। रणछोड़गढ़ गांव के कुछ युवक उसे अपनी कार में लेकर हॉस्पिटल की तरफ भाग रहे थे तभी यह हादसा हो गया।


## अस्थियां लेकर जा रहे लोगों की पिकअप भिड़ गयी ट्रॉली से, 8 की मौत, 15 से अधिक घायल

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में फाजिल्का रोड पर आज शनिवार की सुबह जंगा वाले मोड़ के निकट एक पिकअप गाड़ी और घोड़ा ट्राला के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। पिकअप गाड़ी में सवार लोग किसी परिजन की अस्थियां विसर्जित करने के लिए जा रहे थे। यात्रा के दौरान जब वाहन जंगा वाले मोड़ के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे घोड़ा ट्राला के साथ उसकी जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भयानक थी कि पिकअप गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे कई लोग अंदर ही फंस गए। अंदर फंसे लोगों को कार की बॉडी काट कर बाहर निकलना पड़ा।



## राबड़ी आवास पर लाठी लेकर डट गए कार्यकर्ता

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा सरकारी सुरक्षा लौटाए जाने के फैसले ने बिहार की राजनीति को नया मुद्दा दे दिया है। राजद इसे सम्मान और राजनीतिक प्रतिरोध का प्रतीक बता रहा है, जबकि सत्ता पक्ष इसे सहानुभूति बटोरने की रणनीति करार दे रहा है। सुरक्षाकर्मियों के हटने के बाद शनिवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास पर अलग ही तस्वीर देखने को मिली। राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव खुद आवास के बाहर कुर्सी लगाकर बैठ गए। कई कार्यकर्ता सुरक्षा मोर्चे पर तैनात दिखे, जबकि गेट पर एक कार्यकर्ता लाठी लेकर पहरा देता नजर आया। अब पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक ही लालू परिवार का सुरक्षा कवच बनेंगे। शक्ति सिंह यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राबड़ी देवी ने सुरक्षा लौटाकर ऐतिहासिक फैसला लिया है। उनके अनुसार राज्य सरकार लगातार लालू परिवार को कभी आवास तो कभी सुरक्षा के मुद्दे पर अपमानित करने की कोशिश कर रही है।



# सूर्यकुमार की छुट्टी, श्रेयस बने कप्तान

## इंग्लैंड-आयरलैंड के खिलाफ इंडियन टीम घोषित, तिलक को मिली उपकप्तानी

● ईशान और संजू सैमसन बने विकेट कीपर



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए शनिवार को भारतीय टीम का एलान कर दिया है। मुंबई में अजीत अगरकर की अगुआई में सीनियर पुरुष चयन समिति की बैठक हुई जिसमें दोनों सीरीज के लिए टीम का एलान किया गया। दिलचस्प बात यह है कि श्रेयस अय्यर टी20 टीम के नए कप्तान बने हैं, जबकि तिलक वर्मा को उपकप्तानी का जिम्मा मिला है। भारत को अपनी कप्तानी में टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने वाले सूर्यकुमार यादव की टीम से छुट्टी हो गई है। सूर्यकुमार से ना सिर्फ कप्तानी छिनी बल्कि वह टीम में भी अपनी जगह बरकरार नहीं रख सके। टी20 विश्व कप 2026 में सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ नाबाद 84 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन यही उनका टूर्नामेंट का एकमात्र अर्धशतक रहा। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 9 मैचों में 242 रन बनाए और उनका औसत 30.25 रहा। श्रेयस अय्यर को जहां टीम की कमान सौंपी गई है वहीं, तिलक वर्मा टीम के नए उपकप्तान बने हैं। तिलक पिछले कुछ समय से टी20 टीम का नियमित रूप से हिस्सा रहे हैं और अब वह श्रेयस के साथ लीडरशिप भूमिका में भी नजर आएंगे। वहीं, विकेटकीपर के तौर पर ईशान किशन और संजू सैमसन दोनों को टीम में चुना गया है। अक्षर पटेल टीम में जगह बरकरार रखने में सफल रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाजी का जिम्मा अर्शदीप, मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा पर रहेगा। सबसे दिलचस्प बात यह है कि 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को पहली बार सीनियर टीम में मौका दिया गया है। वैभव ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन किया था और वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे।

## विराट कोहली अफगानिस्तान वनडे सीरीज से बाहर


**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। टी20 और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके कोहली का पूरा ध्यान अब 2027 वनडे वर्ल्ड कप पर है, लेकिन एक इंजरी के कारण वे इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। शनिवार को BCCI के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की कि वनडे स्क्वाड में विराट कोहली की जगह युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया गया है। जायसवाल फिलहाल मुल्लानपुर में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेल रहे हैं।

जनमुख
हिन्दी दैनिक
City लाइव
● तापमान अधिकतम : 42.3°C
● तापमान न्यूनतम : 27.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 06 जून, शनिवार 2026 (3)





पर्यावरण संरक्षण के लिए नागेपुर में रैली निकालती महिलाएं।



# युवक की नृशंस हत्या

## सनसनीखेज वारदात से गांव में मचा हड़कंप

● घर के बाहर सोते समय अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

● पुश्तैनी जायदाद का हो चुका है बंटवारा नहीं थी किसी से कोई अदावत



**चंदौली।** चंदौली जिले के शिकारगंज थाना क्षेत्र के जोगिया कला गांव में शनिवार सुबह एक युवक की हत्या की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बृजेश यादव उर्फ बेचई यादव (34) पुत्र स्वर्गीय रामचन्द्र यादव निवासी ग्राम जोगिया कला के रूप में हुई है। अज्ञात लोगों द्वारा गले पर किसी लोहे के हथियार से प्रहार कर उनकी हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। परिजनों के अनुसार बृजेश यादव का किसी से कोई विवाद नहीं था। बृजेश तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। बड़े भाई दीनानाथ और छोटे भाई नारायण के साथ लगभग आठ वर्ष पूर्व ही घर और खेत का बंटवारा हो चुका था तथा आपस में किसी प्रकार का विवाद नहीं था। बृजेश यादव की पत्नी रेखा लगभग एक सप्ताह पहले अपने मायके गई हुई थी। शुक्रवार की रात बृजेश खाना खाने के बाद घर के बाहर चारपाई पर सोया था। शनिवार सुबह करीब पांच बजे परिजनों को घटना की जानकारी हुई। उसका शव चारपाई पर पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कोतवाल अर्जुन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना के विभिन्न पहलुओं पर आगे जांच की जाएगी। फिलहाल पुलिस कई बिंदुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है।

## बीएचयू में ब्रज किशोर तिवारी स्कॉलरशिप शुरू

● भौतिकी के मेधावियों को मिलेगा 25 हजार स्कॉलरशिप



**वाराणसी।** बीएचयू में श्री ब्रज किशोर तिवारी स्कॉलरशिप की शुरुआत की गई। इससे भौतिक विज्ञान विभाग में पीजी कर रहे मेधावी और आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों को हर साल 25 हजार रुपये की नौ स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसकी स्थापना के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीएचयू-अमेरिका फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कोष बीएचयू के भौतिकी विभाग के पूर्व छात्र (1940-42) और पूर्व प्राध्यापक (1944-1979) स्वर्गीय ब्रज किशोर तिवारी की स्मृति में स्थापित किया गया है। इसके पीछे वजह शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना है।

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को मिला पीएमश्री का दर्जा

**वाराणसी।** वाराणसी के रामनगर स्थित राधा किशोरी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को केंद्र सरकार की पीएम श्री योजना के तहत चयनित किया गया है। इसके साथ ही यह विद्यालय अब पीएम श्री विद्यालय के रूप में जाना जाएगा। इस दर्जे के मिलने से विद्यालय में आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं का विस्तार होगा और छात्राओं को नई शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। पीएम श्री योजना के तहत विद्यालय में डिजिटल बोर्ड, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, आईसीटी (घ्ण्ऊ) लैब और टिंकरिंग लैब जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप यहां रटने की बजाय समझ और प्रयोग आधारित शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही खेल आधारित शिक्षण पद्धति को भी बढ़ावा मिलेगा।

## गणेशपुर में चोरी का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं

**वाराणसी।** शिवपुर के तरना-गणेशपुर में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर 1.90 लाख रुपये नकद और लगभग एक करोड़ रुपये की संपत्ति चुरा ली। जब पीड़ित परिवार घर लौटा, तब उन्हें इस घटना का पता चला। पुलिस की फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। श्वान दस्ता भी चोरों का सुराग लगाने में जुटा रहा, लेकिन एक दिन बाद भी कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका है। डीसीपी प्रमोद कुमार और एडीसीपी लिपि नागयाच ने मौके का मुआयना करने के बाद थाना रोहनियां, कैंट और सारनाथ के तेजतर्रार पुलिसकर्मियों की तीन टीमें गठित की हैं, जो मामले की जांच कर रही हैं।

## सीए रश्मि आईसीएआई की राष्ट्रीय समिति में आमंत्रित सदस्य नामित



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी की वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए रश्मि केसरवानी को भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) की महिला एवं युवा सदस्य उत्कृष्टता समिति (Women & Young Members Excellence Committee) में परिषद वर्ष 2026-27 के लिए आमंत्रित सदस्य (Invitee) के रूप में नामित किया गया है। यह नामांकन ICAI के अध्यक्ष सीए प्रसन्ना कुमार डी द्वारा किया गया है। संस्थान ने विश्वास व्यक्त किया है कि सीए रश्मि केसरवानी का अनुभव एवं विशेषज्ञता समिति की गतिविधियों और उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। सीए रश्मि केसरवानी ने इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए ICAI नेतृत्व एवं केंद्रीय परिषद सदस्य सीए ज्ञान चंद्र मिश्रा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आयुष मंत्री ने किया पौधरोपण




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने 'मां के नाम एक पेड़' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन के आधार भी हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'मां के नाम एक पेड़' अभियान मातृत्व के सम्मान के साथ-साथ प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ राजीव कुमार गुप्ता, गौरव राठी, सुधीर त्रिपाठी, जितेंद्र कुशवाहा, सिंधु सोनकर, संजय विश्वंभरी, रवि केसरी आदि के साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## नागेपुर में किशोरियों ने निकाली पर्यावरण जनजागरूकता रैली

**वाराणसी (मिर्जामुराद)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री आदर्श गांव नागेपुर में किशोरियों व संगठन की बहनों ने पर्यावरण संरक्षण के लिये जागरूकता रैली निकाली, लोक समिति व समूह संगठन के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में समर कैंप में शामिल किशोरियों, महिलाएं व ग्रामीणों ने गांव में जनजागरूकता रैली निकाली गयी।

## सारनाथ में ब्रिक्स प्रतिनिधि अभिभूत



**वाराणसी।** सारनाथ की ऐतिहासिक धरा पर पहुंचे विदेशी मेहमानों ने न केवल भारत की प्राचीन विरासत को करीब से देखा, बल्कि उसकी आध्यात्मिक ऊर्जा को भी महसूस किया, जिससे उनका यह दौरा यादगार बन गया। ब्रिक्स के प्रतिनिधि इसके बाद बड़ा लालपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल भ्रमण के लिए गए। काशी में आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स संस्कृति सम्मेलन के सफल समापन के बाद शनिवार को विदेशी प्रतिनिधियों ने भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ का भ्रमण किया। विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थस्थल के दर्शन के दौरान प्रतिनिधि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत से गहराई से प्रभावित नजर आए। भ्रमण के दौरान अतिथियों ने मूलगंध कुटी विहार, धमेक स्तूप तथा अन्य ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया। सारनाथ के आध्यात्मिक वातावरण ने मेहमानों को विशेष रूप से आकर्षित किया। यहां की सांस्कृतिक परंपराओं, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक धरोहरों को करीब से जाना।

# सेवा, समर्पण और सहयोग का संकल्प

● सामाजिक संस्था ने राहगीरों में बांटी खिचड़ी और ठंडा पानी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** संकल्प संस्था द्वारा संचालित 'संकल्प अन्न क्षेत्र' के तत्वावधान में शनिवार को खिचड़ी प्रसाद वितरण एवं शीतल जल सेवा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों, श्रमिकों एवं जरूरतमंदों ने प्रसाद ग्रहण कर सेवा का लाभ प्राप्त किया। भगवान संकटमोचन हनुमानजी को भोग अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत चौक स्थित कन्हैयालाल गुलालचंद सर्राफ प्रतिष्ठान के समक्ष प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं, श्रमिकों एवं जरूरतमंदों ने प्रसाद ग्रहण कर सेवा का लाभ उठाया। संस्था के संरक्षक अनिल कुमार जैन ने कहा कि संकल्प अन्न क्षेत्र का यह प्रयास समाज के प्रति उत्तरदायित्व और संवेदनाओं को मजबूत करने का एक प्रयास है। इस सेवा शिविर के आयोजन में मृदुला रानी का विशेष सहयोग रहा।

## विश्व पर्यावरण दिवस' पर मंडलीय अस्पताल में पौधारोपण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर शुक्रवार को एसएसपीजी मंडलीय जिला अस्पताल में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया है। इस अवसर पर चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार ने 'एक पेड़ मां के नाम' के अभियान में अपनी मां को स्मरण करते हुए एक आम का पेड़ लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात डॉ मुकुन्द श्रीवास्तव व डॉ मृदुला मलिक एवं डॉ मोहम्मद इकबाल ने एक-एक पेड़ लगाया। कार्यक्रम में अस्पताल के समस्त स्टाफ ने भी सहभागिता की। अभियान के तहत रक्तदान शिविर' का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिन पर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया गया।

## मुंहमांगी कीमत देने के बाद भी सुचारू बिजली आपूर्ति में महकमा लाचार!

● बिजली संकट, स्मार्ट मीटर की लूट के खिलाफ आप का प्रदर्शन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आम आदमी पार्टी, वाराणसी जिला के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश में व्याप्त भीषण बिजली संकट, अघोषित बिजली कटौती, महंगी बिजली दरों तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत जिलाध्यक्ष कैलाश पटेल के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया।

## नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने किया पौधारोपण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट प्रखंड की ओर से पहड़िया स्थित बासुदेव नगर कॉलोनी पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में पोस्ट नं.5 के संयोजन में स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आधा दर्जन से अधिक नीम एवं आंवला के पौधे लगाए। इस अवसर पर लोगों ने पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय, डिप्टी डिवीजनल वार्डेन अरविन्द विश्वकर्मा, पोस्ट वार्डेन राजेश कुमार सिंह, राजकुमार जायसवाल, अशोक सोनकर, ऋषभ मोदनवाल तथा अक्षय जायसवाल सहित कॉलोनी के लोगों ने भी सहभागिता की।

## 'एक पेड़ मां के नाम' का शुभारंभ

● आदित्य नगर पोखरे पर 51 पौधों के साथ अभियान की शुरुआत



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम ने शुक्रवार को विश्व वृक्षारोपण दिवस के अवसर पर वृहद स्तर पर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम शुरू कर दी । इस क्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आदित्य नगर पोखरे पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर अशोक कुमार तिवारी और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने केवल पौधे ही नहीं लगाए, बल्कि उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के उपरांत महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने सरायनंदन वार्ड का दौरा किया। यहां उन्होंने नगर निगम द्वारा कराए जा रहे नाला सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्य की गुणवत्ता और प्रगति को देखते हुए महापौर ने इसे संतोषजनक बताया और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए।

## महाप्रबन्धक के प्रयासों से बरेका को मिला गोल्ड रेटिंग ग्रीन का सर्टिफिकेट



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाने में महाप्रबन्धक आशुतोष पंत के नेतृत्व में पिछले 15 मई से शुक्रवार 5 जून तक विश्व पर्यावरण दिवस अभियान-2026 उत्साहपूर्वक मनाया गया। उल्लेखनीय है कि महाप्रबन्धक आशुतोष पंत के हरित पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण के प्रति किए जा रहे क्रान्तिकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप बरेका को गोल्ड रेटिंग ग्रीन का सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ। इसी के तहत शुक्रवार को प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र में पर्यावरण जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बरेका नाट्य दल द्वारा वरिष्ठ कलाकार सुधाकर मणि के निर्देशन में हरित पर्यावरण से प्रेरित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित सभी अधिकारियों को हरित पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com



## जौनपुर समाचार

### मां के नाम लगाया एक पेड़, फिर लिया पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प



**जौनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को जिलेभर में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। मां के नाम एक पेड़ लगाकर लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित किया गया, यहां नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। जिले में विभिन्न विभागों द्वारा 8.43 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

अभियान 21 जून तक चलाया जाएगा, इसमें जनपद के 21 विकास खंड और 1734 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। जौनपुर जंक्शन स्थित लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर रनिंग रूम परिसर में सहायक मंडल अभियंता एसके सूथार, स्टेशन अधीक्षक बीके यादव, रनिंग रूम प्रभारी आरपी पांडेय जीआरपी एसआई गिरीश मिश्रा ने मां के नाम एक पेड़ लगाकर लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आरएन. टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल जौनपुर में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक डॉ. पीके सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज मानवता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने व स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। बदलापुरः देवरिया व भगतपुर गांव में ट्रस्ट ऑफ पीपुल के बैनर तले जागरूकता रैली निकालकर पौधरोपण किया गया।

## सुल्तानपुर समाचार

### पंखे से लटकता मिला सफाई कर्मी का बेटा, मौत

**भदैंया।** कोतवाली देहात के पखरौली गांव में बृहस्पतिवार की रात सफाईकर्मी के बेटे राघवेंद्र कुमार (24) का शव घर में पंखे के हुक में गमछे के सहारे लटकता मिला। पखरौली गांव निवासी राम किशोर सफाई कर्मी हैं। उनके तीन बेटे हैं। पिता के मुताबिक उनका छोटा बेटा राघवेंद्र कुमार रात को बिना खाना खाए कमरे में चला गया। देर रात तक लोग भोजन के लिए उसका इंतजार करते रहे। बुलाने पर दरवाजा अंदर से बंद मिला। परिजनों ने दरवाजा खोला तो दृश्य देखकर दंग रह गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राघवेंद्र को पंखे के हुक में बंधे गमछे से नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। राघवेंद्र अभी अविवाहित थे। उनके दो भाई अमित व सुमित हैं। कोतवाली देहात थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि मृतक अर्धनग्न अवस्था में लटका मिला है।

## गाजीपुर समाचार

### ताड़ीघाट सब-स्टेशन के लिए दूसरी 33-केवी लाइन का कार्य शुरू

**जमानियां ( गाजीपुर )।** जमानियां क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ताड़ीघाट सब-स्टेशन तक करीब सात किलोमीटर लंबी दूसरी 33 हजार वोल्ट (33 केवी) मेन लाइन बिछाने का कार्य शनिवार से शुरू कर दिया गया है। करीब पांच लाख रुपए की लागत से शुरू की गई इस परियोजना को विभागीय अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

नई लाइन के चालू होने के बाद उपकेंद्र से जुड़े 34 गांवों में बिजली आपूर्ति अधिक मजबूत और निर्बाध होने की उम्मीद है, जिससे लगभग 11 हजार उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। विद्युत विभाग के अनुसार वर्तमान में संचालित पुरानी 33 केवी लाइन पर अत्यधिक भार के कारण लो वोल्टेज, ट्रिपिंग और तकनीकी खराबी जैसी समस्याएं आए दिन सामने आ रही थीं। ऐसे में दूसरी मेन लाइन के जुड़ने से भार का संतुलन बेहतर होगा और आपूर्ति व्यवस्था में सुधार आएगा।

हालांकि, निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लाइन बिछाने के दौरान कई स्थानों पर मानकों की अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि पोल लगाने के लिए पर्याप्त गहराई तक खुदाई नहीं की जा रही है, साथ ही सीमेंट, गिट्टी और मोरंग जैसी सामग्री का भी सही तरीके से उपयोग नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे कार्य की स्वतंत्र जांच कराई जाए और यदि अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई हो। वहीं, अवर अभियंता आशीष कुमार ने कहा कि ग्रामीणों की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आती है।

## भदोही समाचार

### पुलिस भर्ती परीक्षा में कमी होने पर केंद्र व्यवस्थापक होंगे जिम्मेदार

**ज्ञानपुर।** एडीएम शुभांगी शुक्ला और एएसपी शुभम अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस भर्ती की तैयारी की बैठक हुई। एडीएम ने कहा कि परीक्षा में कमी होने पर केंद्र व्यवस्थापक जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि जिले के छह केंद्रों पर आठ, नौ और 10 जून को पुलिस भर्ती परीक्षा होगी। सभी केंद्रो पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा की तिथि को प्रत्येक दिन प्रथम एवं द्वितीय सत्र के गोपनीय शील्ड पैकेट प्राप्त करने के लिए निर्धारित समय पर उपस्थित होंगे। सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से लेकर समाप्त होने तक रहेंगे।

एडीएम ने सभी केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरे को क्रियाशील करने, विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था, शौचालयों के साफ सफाई आदि को सही कराने का निर्देश दिया।

## आजमगढ़ समाचार

### युवक का शव बगीचे में फंदे से लटका मिला



**आजमगढ़।** महराजगंज थाना क्षेत्र स्थित मेउरिया गांव में शनिवार सुबह एक युवक का शव घर के पास बगीचे में फंदे से लटका मिला। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, मेउरिया निवासी संदीप मौर्य ने पुलिस को बताया कि उनके भाई संजय मौर्य (28) पिता लालू मौर्य शनिवार सुबह करीब 5 बजे घर के बगल स्थित बगीचे में फंदे से लटके हुए पाए गए। परिजनों ने उन्हें देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पीआरबी और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में युवक की ओर से फांसी लगाए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। आसपास के लोगों का दबे स्वर में कहना है कि मृतक की पत्नी और बच्चे पिछले लगभग दो सालों से उसके साथ नहीं रहते थे, जिसके कारण वह मानसिक दबाव में था।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। युवक की मौत से परिजनों में शोक का माहौल है।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने सीवर लाइन एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों के प्रगति की बैठक कर की समीक्षा



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीवर लाइन एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा पानी सप्लाई शहर में सही से न होने पर अधिशासी अभियंता व सम्बन्धित अवर अभियंता, सहायक अभियंता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि टेस्टिंग, पाइन लाइन का बिछाया जाना शत प्रतिशत पूर्ण कराते हुए पानी सप्लाई प्रारम्भ करे। कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि सीवर लाइन सभी चालू है जिस पर जिलधिकारी अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय को निर्देशित करते हुए कहा कि इसका सत्यापन कराएं एवं सभी सीवर लाइन कनेक्ट हो गई है अथवा नही इसका भी सत्यापन कराएं। जो सीवर लाइन कनेक्ट नहीं हुई उन्हे कनेक्ट कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लीकेज व सीपेज को दिखवाए जहां समस्या वहां पर तत्काल दुरूस्त कराना सुनिश्चित करें साथ ही जिन सड़को का रेस्टोरशन हो गया है उसे सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कराएं। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन में हर घर नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य को शत–प्रतिशत पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में पेयजल स्रोत की समस्या है, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। थर्ड पार्टी से निरीक्षण नियमित रूप से कराया जाए। जिन योजनाओ की प्रगति धीमी है, उनमें मैनपावर बढ़ाकर कार्य में तेजी लाई जाए।

## मऊ समाचार

### 49,536 पुलिस भर्ती परीक्षा, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में रहेंगे 19 केंद्र

**मऊ।** 8, 9 एवं 10 जून को पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित है। तीन दिन छह पालियों में 49,536 अभ्यर्थी शामिल होंगे। 19 परीक्षा केंद्र सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में रहेंगे। परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम आनंद वर्द्धन ने शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में बैठक की। उन्होंने तैयारियों को लेकर केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और परीक्षा से जुड़े अधिकारियों से जानकारी ली। डीएम ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता अथवा अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

## सोनभद्र समाचार

### पति बाहर, घर में विवाहिता का टॉर्चर करते थे ससुराली, लगाया फंदा



**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के रजधन गांव में बृहस्पतिवार रात एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष ने हत्या की आशंका जताते हुए ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। चतरवार गांव निवासी रघुबर के अनुसार उनकी बहन रानी (26) की शादी करीब आठ-नौ वर्ष पूर्व रजधन निवासी श्यामसुंदर वर्मा के साथ हुई थी। रानी के दो बेटे हैं, जिनकी उम्र आठ और छह वर्ष बताई गई है। परिवार का कहना है कि श्यामसुंदर पिछले तीन-चार वर्षों से कामकाज के सिलसिले में बाहर रहते हैं और वर्तमान में पुणे में नौकरी कर रहे हैं।

परिजनों के मुताबिक बृहस्पतिवार को रानी अपनी मां प्रेमा के साथ मेडिकल कॉलेज में भर्ती अपनी बड़ी बहन मीरा के बेटे को देखने आई थी। वह घर से भोजन लेकर अस्पताल पहुंची थी। शाम करीब चार बजे वह वापस अपने ससुराल लौट गई और अगले दिन फिर अस्पताल आने की बात कही थी। इसी बीच रात करीब आठ बजे परिवार को सूचना मिली कि रानी ने कथित रूप से फंदा लगाकर जान दे दी है। मायके पक्ष का आरोप है कि मौके पर पहुंचने पर शव की स्थिति संदिग्ध दिखाई दी। उनका दावा है कि एक पैर जमीन की ओर था और दूसरा कुर्सी पर टिका हुआ था। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि घटनास्थल पर सिंदूर बिखरा पड़ा था तथा उन्हें मृतका के दोनों बेटों से मिलने नहीं दिया गया। उनका कहना है कि रानी को लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। मृतका की बहन बिंदू ने आरोप लगाया कि रानी को रिश्तेदारी में आने-जाने तक से रोका जाता था और छोटी-छोटी बातों पर परेशान किया जाता था। परिवार ने पति के व्यवहार पर भी सवाल उठाए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया।

## देवरिया समाचार

### सर्पदंश से बुजुर्ग महिला की मौत

**बघौचघाट।** कस्बे के वार्ड नंबर पांच कुचया में बृहस्पतिवार की रात सर्पदंश से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। कुचया निवासी मंकला देवी (70) पत्नी महिमा पासवान घर में भोजन बना रही थीं। इसी दौरान उन्हें सांप ने डंस लिया। इससे उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन सीएचसी पथरदेवा ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। रास्ते में उनकी मौत हो गई।

### पौधरोपण कर संरक्षण का भी लिया संकल्प

**मईल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने अपने पैतृक गांव देवकली में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

## चंदौली समाचार

### घर के बाहर सोते समय धारदार हथियार से वार कर ली जान, गांव में मचा हड़कंप

**चंदौली।** जिले के शिकारगंज थाना क्षेत्र के जोगिया कला गांव में शनिवार सुबह एक युवक की हत्या की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बृजेश यादव उर्फ बेचई यादव (34) पुत्र स्वर्गीय रामचन्द्र यादव निवासी ग्राम जोगिया कला के रूप में हुई है।

अज्ञात लोगों द्वारा गले पर किसी लोहे के हथियार से प्रहार कर उनकी हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। परिजनों के अनुसार बृजेश यादव का किसी से कोई विवाद नहीं था। बृजेश तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। बड़े भाई दीनानाथ और छोटे भाई नारायण के साथ लगभग आठ वर्ष पूर्व ही घर और खेत का बंटवारा हो चुका था तथा आपस में किसी प्रकार का विवाद नहीं था। बृजेश यादव की पत्नी रेखा लगभग एक सप्ताह पहले अपने मायके गई हुई थी।

## गोरखपुर समाचार

### रील बनाते समय राप्ती में डूबे दो दोस्त, मौत



**गोरखपुर।** शनिवार की दोपहर राप्ती नदी में रील बनाते समय डूबने से दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों की डेड बॉडी मिली है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। परिवार में चीख-पुकार माहौल है। बताया जा रहा है कि 7 दोस्त एक साथ नदी में नहाते हुए वीडियो बना रहे थे। रील बनाते-बनाते एक युवक अचानक बीच नदी में चला गया। उसे बचाने की कोशिश में दूसरा भी डूबने लगा। सूचना पर पहुंची NDRF और पुलिस की टीम सर्च ऑपरेशन शुरू कर दी। मृतकों की पहचान सहजनवां थाना अंतर्गत जगदीशपुर गाही के रहने वाले शिवम और गोलू के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पीपीगंज थाना क्षेत्र के करतहरी गांव के पास 7 दोस्त एक साथ नदी में नहाने निकलें थे। मस्ती मजाक करते हुए पानी में रील बनाने लगे। इतने में लापरवाही हुई और उनमें से एक लड़का डूबने लगा। 'बचाव- बचाव' का आवाज देने पर पास में नहा रहे दोस्त उसकी मदद के लिए आगे बढ़ा और दोनों डूबने लगे। यह घटना देखकर बाकी लड़के डर गए और जल्दी से पानी से बाहर निकलें।

पहले उन्होंने अपने दोनों दोस्तों को बचाने का प्रयास किया लेकिन कुछ देर बाद दोनों बीच नदी में डूब गए। देखते ही देखते आसपास भारी संख्या में लोग इक्कठा हो गए। मौके से अफरा- तफरी मच गई।घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची पुलिस और ऊँइ की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। कुछ देर बार एक युवक की डेड बॉडी मिली। जिसकी पहचान सहजनवां थाना अंतर्गत जगदीशपुर गाही के रहने वाले शिवम कुमार पुत्र संजीव कुमार के रूप में हुई है। जबकि नदी में डूबे दूसरे युवक की तलाश काफी देर तक की गई। जिसके बाद उसकी भी डेड बॉडी मिली। जिसकी पहचान थाना सहजनवा जगदीशपुर गई के रहने वाले गोलू कुमार (19) पुत्र रामदीन के रुप में हुई है। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में ले लिया है। एसपी नार्थ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि रील बनाते समय दो दोस्त राप्ती नदी में डूब गए। मौत के बाद दोनों की डेड बॉडी मिली है।

## बलिया समाचार

### उल्टी-दस्त, सिर व पेट दर्द के मरीज दोगुने हुए

**बलिया।** गर्मी बढ़ने से लोगों की हालत खराब हो रही है। अस्पतालों की ओपीडी व इमरजेंसी में वायरल संक्रमण उल्टी-दस्त, सिर व पेट दर्द और घबराहट के मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

एक पखवाड़े पहले लगभग 15 मरीज रोज आते थे। अब 30 मरीज आ रहे हैं। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को प्राथमिक इलाज के बाद राहत न मिलने पर भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

ओपीडी में चार सौ व इमरजेंसी में 150 के करीब मरीज प्रतिदिन आ रहे हैं। चिकित्सक मरीजों को उपचार के साथ बचाव के उपाय भी बता रहे हैं। जिला चिकित्सालय की ओपीडी व इमरजेंसी में प्रतिदिन बच्चों से लेकर बुजुर्ग उपचार कराने के लिए आ रहे हैं। फिजीशियन डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि अधिक गर्मी से डायरिया और दूषित खानपान से पेट रोग की समस्या बढ़ गई है।

## प्रयागराज समाचार

### अस्पताल में मौत से लड़ रही, 5 दिन बाद होश आया, बोली- चाचा ने गंदा काम किया



**प्रयागराज।** एक 14 साल की लड़की को मिट्टी का तेल छिड़ककर जलाने का प्रयास किया गया। अस्पताल में मौत से लड़ रही पीड़िता ने पांच दिन बाद होश आने पर कहा कि चाचा ने उसके साथ गलत काम किया। गलत तरीके से छूते थे। कई दिनों तक भूखा रखते थे और प्रताड़ित करते थे। जब मैंने इसका विरोध किया, तो मिट्टी का तेल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया। इसमें चाची ने भी उसका साथ दिया। पीड़िता के भाई ने शिवकुटी पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर जांच शुरू कर दी गई है। मामला शिवकुटी थाना क्षेत्र का है। लड़की के मां-बाप की मौत हो चुकी है और वह अपने चाचा के घर में रहती है। भाई ने बताया- वह पत्नी के साथ राजापुर में रहता है और छोटी बहन व भाई चाचा-चाची के साथ शिवकुटी में रहते हैं। उसकी मौसी से ही उसके चाचा की शादी हुई है। चाची बोली-तेरी बहन ने सुसाइड करने की कोशिश की है 29 मई की शाम 4:30 बजे के करीब चाची का फोन आया। उन्होंने कहा- तुम्हारी बहन ने खुद पर मिट्टी का तेल छिड़ककर खुद को आग के हवाले कर दिया है। इसे लेकर जाओ। मैं पहुंचा तो देखा कि बहन का पूरा चेहरा, हाथ और सीना जला हुआ था। वह चीख रही थी। मैं अपने छोटे भाई के साथ बाइक पर बैठाकर बहन को एसआरएन अस्पताल ले आया। यहां देखते ही डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया। भाई के मुताबिक, बहन की हालत गंभीर बनी हुई थी। बुरी तरह झुलसने के कारण वह अपना मुंह भी नहीं खोल पा रही थी। शुक्रवार रात हालत में कुछ सुधार होने पर उसने जो बताया, उसे सुनकर वह भी स्तब्ध रह गया। बहन ने बताया- चाचा ने उसके साथ गलत काम किया। वह उसे लगातार परेशान करते थे। गलत तरीके से छूते थे।

## लाइफ मंत्र

### सोमवती अमावस्या का महासंयोग, सुबह उठते ही करें इस एक चीज का दान, होंगे आपके वारे-न्यारे



हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि का अपना एक विशेष महत्व है लेकिन जब यह अमावस्या 'अधिक मास' में आती है, तो इसका आध्यात्मिक फल कई गुना बढ़ जाता है। साल 2026 में ज्येष्ठ अधिक मास की अमावस्या बेहद खास होने वाली है क्योंकि इस दिन सोमवती अमावस्या का दुर्लभ संयोग बन रहा है। ज्योतिषियों के अनुसार, यह दिन पितरों को प्रसन्न करने और जीवन से दरिद्रता दूर करने के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

**कब है अधिक मास अमावस्या? जानें सही तारीख और शुभ मुहूर्त**

पंचांग गणना के अनुसार, अधिक मास की अमावस्या तिथि का प्रारंभ 14 जून 2026 को दोपहर 12 बजकर 19 मिनट पर होगा। इसका समापन अगले दिन 15 जून 2026 को सुबह 8 बजकर 23 मिनट पर होगा। उदया तिथि की मान्यता के कारण अमावस्या का मुख्य पर्व 15 जून, सोमवार को मनाया जाएगा। सोमवार को होने के कारण ही इसे सोमवती अमावस्या कहा जाएगा, जो दान-पुण्य के लिए सवोत्तम मानी जाती है।

**सोमवती अमावस्या शुभ मुहूर्त ( 15 जून 2026 ):**

**ब्रह्म मुहूर्तः** सुबह 03:33 से 04:14 तक।

**अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योगः** सुबह 04:55 से शाम 07:08 तक।

**अभिजीत मुहूर्तः** सुबह 11:20 से दोपहर 12:15 तक।

**अमृत सिद्धि योग में बन रहा है पुण्य का महासंगम**

इस बार की अमावस्या इसलिए भी खास है क्योंकि इस दिन मिथुन संक्रांति भी मनाई जाएगी। साथ ही पूरे दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग का प्रभाव रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन शुभ योगों में किया गया जप, तप और दान सीधे भगवान विष्णु और पितरों तक पहुंचता है।

**जल दान**

अधिक मास की इस अमावस्या पर जल दान का सबसे बड़ा महत्व बताया गया है। कहा जाता है जो पुण्य सब दानों से, सब तीर्थों के दर्शन से आदि से मिलता है। उसी पुण्य की प्राप्ति केवल जल का दान करने से हो जाती है। जो व्यक्ति सड़क पर यात्रियों के लिए प्याऊ लगवाता है, वह विष्णुलोक में प्रतिष्ठित हो जाता है। कहा जाता है कि प्याऊ देवताओं, पितरों और ऋषि-मुनियों को अत्यंत प्रिय है।

**इसके अलावा इस दिन निम्नलिखित वस्तुओं का दान भी अत्यंत फलदायी हैः**

**पंखा दान करना**

मान्यता है की धूप में परिश्रम कर रहे मजदूर, राहगीर अथवा ब्राह्मण को पंखे से हवा अथवा शीतलता प्रदान करने वाला व्यक्ति निष्पाप होकर भगवान का पार्षद बनता है। जो राह में थके हुए श्रेष्ठ द्विज को अगर वस्त्र से भी हवा करता है, वह भगवान विष्णु का सामिप्य प्राप्त कर लेता है।

**अन्न दान**

ग्रंथ कहते हैं कि अन्नदान मनुष्यों को शीघ्र ही पुण्य प्रदान करने वाला होता है, इसलिए संसार में अन्न के समान दूसरा कोई दान नहीं है। इसलिए कहा जाता है कि दोपहर में आए हुए किसी ब्राह्मण मेहमान को या किसी अन्य भूखे जीव को अगर भोजन करवाया जाए तो उसको अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है।

**पादुका एवं चटाई**

धार्मिक ग्रंथों में कहा गया है कि जो व्यक्ति विष्णु प्रिय वैशाख मास में किसी ज़रूरतमंद व्यक्ति को पादुका या जूते-चप्पल दान करता है वह यमदूतों से पीछा छुड़वा कर भगवान श्री हरि के लोक में जाता है। शास्त्र कहते हैं कि निद्रा से दुःख का नाश होता है, निद्रा से थकावट दूर होती है इसलिए जो मनुष्य अमावस्या पर तिनके या खजूर आदि के पत्तों से बनी हुई चटाई दान करता है, उसके सारे दुखों का नाश हो जाता है और परलोक में उत्तम गति पाता है।

**वस्त्र, फल, घी और शर्बत**

मान्यताओं के अनुसार कपड़ों का दान इसी जन्म में सब सुखों से संपन्नता प्रदान करवाता है। इस समय पर गर्मी का प्रकोप अधिक होता है इसलिए इस माह में फल और शर्बत आदि का दान करना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि इससे पितृ प्रसन्न होकर आशीर्वाद प्रदान करते हैं और दान देने वाले के सारे पाप कट जाते हैं। इसके अलावा इस दौरान घी का दान करने वाले मनुष्य को अश्वमेघ यज्ञ का फल मिलता है तथा उसे विष्णुलोक में जगह मिलती है।

**पितरों की शांति के लिए करें ये उपाय**

ज्येष्ठ अधिक मास अमावस्या का दिन पितृ पूजा के लिए समर्पित है।

सोमवती अमावस्या का आना सोने पर सुहागा है। पितरों की कृपा और पितृ दोष से मुक्ति के लिए ये दिन खास है। सुबह तर्पण करें, शाम में पीपल परिक्रमा और दीपदान करें।

## Shilpa Shinde के कबूलनामे से TV Industry में भूचाल, झूठे आरोप पर अशोक पंडित ने लगाई फटकार



एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे द्वारा 'भाबीजी घर पर हैं' के प्रोड्यूसर पर यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप लगाने की बात कबूल करने पर विवाद छिड़ गया है। FWICE के अशोक पंडित ने इस कदम की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ऐसे झूठे मामले असली पीड़ितों की लड़ाई को कमजोर करते हैं और किसी का करियर बर्बाद कर सकते हैं।

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे अपने एक नए बयान की वजह से भारी विवादों में घिर गई हैं। हाल ही में शिल्पा ने कबूल किया था कि उन्होंने 'भाबीजी घर पर हैं' शो के प्रोड्यूसर संजय कोहली पर यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप लगाए थे। उनके इस खुलासे के बाद से ही मनोरंजन जगत में बहस छिड़ गई है और लोग उन पर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।

**अशोक पंडित ने शिल्पा शिंदे को फटकारा**

इस मामले पर फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज के मुख्य सलाहकार अशोक पंडित ने सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोपों का इस्तेमाल किसी भी निजी या कामकाजी विवाद को सुलझाने के लिए हथियार के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे झूठे आरोप किसी भी इंसान की छवि, उसके करियर और मानसिक स्थिति को पूरी तरह बर्बाद कर सकते हैं।

**असली पीड़ितों को होता है नुकसान**

अशोक पंडित ने आगे कहा कि इस तरह के झूठे आरोपों की वजह से उन महिलाओं या लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है, जो सच में ऐसी घटनाओं का शिकार होते हैं। जब कोई जानबूझकर झूठी शिकायत करता है, तो समाज और कानून के सामने असली पीड़ितों की आवाज भी कमजोर पड़ जाती है। उन्होंने शिल्पा के इस कदम को पूरी तरह से गलत बताया।

**हिना खान और शिल्पा शिंदे में जुबानी जंग**

इस मामले को लेकर टीवी एक्ट्रेस हिना खान ने भी शिल्पा शिंदे को आड़े हाथों लिया था। इसके जवाब में शिल्पा शिंदे ने बिना नाम लिए सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर हिना खान पर पलटवार किया। शिल्पा ने कहा,'लोग मेरे नाम पर पब्लिसिटी पाना कब बंद करेंगे? चलती ट्रेन में मत चढ़िए, वरना आपको चोट लग जाएगी।' उन्होंने आगे तीखे अंदाज में कहा कि पब्लिसिटी पाने के लिए आपके पास अपनी बीमारियां और घर की बातें हैं, फिर आपको शिल्पा शिंदे की क्या जरूरत पड़ गई?



## Janhvi Kapoor Peddi Controversy | 'किरदार को ऑब्जेक्टिफाई करने का इरादा नहीं था', 'पेद्दी' के डायरेक्टर बुची बाबू सना ने मांगी सार्वजनिक माफी

**'पेद्दी' फिल्म के डायरेक्टर बुची बाबू सना ने फिल्म में जाह्नवी कपूर के किरदार को बहुत ज़्यादा सेक्सुअलाइज्ड (कामुक) तरीके से दिखाए जाने पर हुई आलोचना के बाद सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगी है।**

साउथ और बॉलीवुड के मेल से बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पेद्दी' (Peddi) इन दिनों बॉक्स ऑफिस से ज्यादा विवादों के कारण चर्चा में है। फिल्म में मुख्य अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के किरदार 'अचियम्मा' को पर्दे पर अत्यधिक सेक्सुअलाइज्ड (कामुक) और आपत्तिजनक तरीके से दिखाए जाने को लेकर सोशल मीडिया पर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। चारों तरफ से घिरने के बाद, अब फिल्म के निर्देशक बुची बाबू सना (Buchi Babu Sana) ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने दर्शकों की चिंताओं और आलोचनाओं को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है। विवाद के तूल पकड़ने के बाद निर्देशक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (ट्विटर) पर एक आधिकारिक बयान जारी कर सफाई दी और दर्शकों के फीडबैक के आधार पर फिल्म में बड़े बदलाव करने का भरोसा दिया।

पर अपनी बात रखते हुए, बुची बाबू ने जाह्नवी कपूर के किरदार को बहुत ज़्यादा सेक्सुअलाइज्ड तरीके से दिखाए जाने पर हो रही बहस का सीधा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि टीम ने फ़ीडबैक पर गौर किया है और इसे गंभीरता से लिया है। यह विवाद कुछ खास सीन को लेकर है, जिनमें कैमरे के गलत एंगल और ऐसे आपत्तिजनक डायलॉग थे जो हमले, उत्पीड़न और बिना सहमति के किए गए कामों को सामान्य दिखाते हैं। इन सीन ने इस बात पर बहस छेड़ दी है कि इस कमर्शियल एंटरटेनर फिल्म में जाह्नवी कपूर के किरदार 'अचियम्मा' को कैसे लिखा, फ्रेम और पेश किया गया था।

**'पेद्दी' के डायरेक्टर ने अपनी माफ़ी में क्या कहा?**

अपने बयान में 'पेद्दी' के डायरेक्टर ने लिखा, 'सिनेमा का मकसद मनोरंजन करना, प्रेरित करना और दर्शकों से जुड़ना होना चाहिए। इससे कभी भी किसी को असहज या अपमानित महसूस नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि कुछ सीन के बारे में मिले फ़ीडबैक को सुना और माना गया है। आलोचना का जवाब देते हुए उन्होंने साफ़ किया, 'हमारा मकसद कभी भी किसी महिला किरदार को ऑब्जेक्टिफाई करना या उसका अपमान करना नहीं था।' उन्होंने आगे कहा कि अगर फ़िल्म के किसी हिस्से को अलग तरह से समझा गया है, तो टीम उन भावनाओं का सम्मान करती है और उठाई गई चिंताओं को समझती है।

**क्या 'पेद्दी' में जाह्नवी कपूर के सीन बदले जाएंगे?**

बुची बाबू सना ने पुष्टि की कि टीम ने दर्शकों के फ़ीडबैक की समीक्षा करने के बाद संबंधित हिस्सों में बदलाव करने का फ़ैसला किया है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि फिल्म बनाने का तरीका दर्शकों की संवेदनाओं और उम्मीदों के साथ बदलना चाहिए। उन्होंने कहा, 'फ़ीडबैक की समीक्षा करने के बाद, हमने संबंधित हिस्सों में बदलाव करने का फ़ैसला किया है।' उन्होंने कहा कि सिनेमा दर्शकों के साथ जुड़ाव से आगे बढ़ता है और कहानी कहने वालों से जिम्मेदारी की उम्मीद करता है।

**'पेद्दी' के लिए आगे क्या होगा?**

फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है, और उम्मीद है कि टीम जल्द ही बदलावों को शामिल करके इसे सिनेमाघरों में भेजेगी। बुची बाबू ने स्क्रीन पर सम्मानजनक तरीके से दिखाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा, 'हर महिला सम्मान, महत्व और गरिमा के साथ दिखाए जाने की हकदार है।' उन्होंने कहा कि टीम ऐसी कहानियाँ कहने पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो मज़बूत और सार्थक किरदारों को दिखाती हैं। डायरेक्टर ने ईमानदारी और सच्चाई से अपनी राय साझा करने के लिए दर्शकों का भी धन्यवाद किया। 'पेद्दी' 4 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई।

## Bharat Bhhagya Viddhaata | 26/11 की अनसुनी लेडी हीरो नर्स Anjali Kulthe, गोलियों की गूंज के बीच बचाई 20 गर्भवती महिलाओं की जान





कुल्थे कामा अस्पताल में ड्यूटी पर थीं, तभी ख़बरें आने लगीं कि ण्एऊ पर हमला करने वाले आतंकवादी अस्पताल की ओर बढ़ रहे हैं। जो ड्यूटी एक आम दिन की तरह शुरू हुई थी, वह जल्द ही जिंदगी बचाने की लड़ाई में बदल गई।

जब भी 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों का जिक्र होता है, तो ताज होटल, नरीमन हाउस और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (CST) रेलवे स्टेशन पर मची तबाही के खौफनाक मंजर आंखों के सामने तैर जाते हैं। लेकिन टीवी कैमरों की चकाचौंध से दूर, उस डरावनी रात कुछ ऐसी भी जगहें थीं जहां असाधारण साहस की ऐसी कहानियां लिखी गईं, जो इतिहास के पन्नों में कहीं छिप गईं।

ऐसी ही एक रोंगटे खड़े कर देने वाली वीरगाथा है नर्स अंजलि कुल्थे की, जिन्होंने कामा अस्पताल में घुस चुके लश्कर-ए-तैयबा के खूंखार आतंकवादियों के सामने ढाल बनकर 20 गर्भवती महिलाओं की जान बचाई थी। हमले के 16 साल से ज्यादा समय के बाद, अब उनकी यह जांबाजी बड़े पर्दे पर फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' के जरिए दुनिया के सामने आने वाली है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अंजलि कुल्थे का मुख्य किरदार निभा रही हैं।

**कौन हैं अंजलि कुल्थे?**

कुल्थे कामा अस्पताल में ड्यूटी पर थीं, तभी ख़बरें आने लगीं कि ण्एऊ पर हमला करने वाले आतंकवादी अस्पताल की ओर बढ़ रहे हैं। जो ड्यूटी एक आम दिन की तरह शुरू हुई थी, वह जल्द ही जिंदगी बचाने की लड़ाई में बदल गई।

NDTV के साथ एक पुराने इंटरव्यू में, कुल्थे ने बताया कि उन्होंने गोलियों की आवाज़ सुनी और फिर देखा कि आतंकवादी सुरक्षाकर्मियों को गोली मारकर अस्पताल के अंदर घुस रहे हैं। जैसे ही इमारत में दहशत फैली, उन्हें तुरंत एहसास हुआ कि जिन मरीज़ों की देखभाल की जिम्मेदारी उन पर है, उन्हें बचाने की ज़रूरत है।

वहाँ से भागने के बजाय, उन्होंने वार्ड से 20 गर्भवती महिलाओं को इकट्ठा किया और उन्हें एक छोटी सी पैंट्री में ले गईं। लाइटें बंद कर दी गईं, मोबाइल फ़ोन साइलेंट कर दिए गए और बाहर हमले के दौरान सभी अंधेरे में चुपचाप बैठी रहीं।

**हमले के दौरान उन्होंने लोगों की जान कैसे बचाई?**

ख़तरा यहीं खत्म नहीं हुआ। घेराबंदी के दौरान, एक महिला को - जो हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) से पीड़ित थी और हाई-रिस्क मरीज़ थी - लेबर पेन (प्रसव पीड़ा) शुरू हो गया। अस्पताल के अंदर गोलियाँ चल रही थीं और डॉक्टर वार्ड तक सुरक्षित नहीं पहुँच पा रहे थे, ऐसे में कुल्थे ने मोर्चा संभाला। उन्होंने सावधानी से मरीज़ को लेबर रूम तक पहुँचाया; वे दीवार के सहारे-सहारे सीढ़ियों से एक-एक कदम आगे बढ़ती रहीं।

अगली सुबह तक, उस महिला ने एक बच्ची को सुरक्षित जन्म दिया। कुल्थे के अनुसार, बच्ची का नाम बाद में 'गोली' रखा गया, ताकि उस डरावनी रात की याद बनी रहे जिसमें उसका जन्म हुआ था।

उनकी कहानी अब क्यों बताई जा रही है? 'भारत भाग्य विधाता' उन आम भारतीयों के साहस को दिखाती है जिन्होंने मुश्किल हालात में हिम्मत दिखाई। कंगना रनौत द्वारा निभाए गए कुल्थे के किरदार के ज़रिए, यह फिल्म 26/11 हमलों के उस पहलू को सामने लाएगी जिसके बारे में शायद बहुत से लोग नहीं जानते। 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के बाद इन हमलों पर फिर से चर्चा शुरू हो गई है। ऐसे में यह फ़िल्म उन फ्रंटलाइन वर्कर्स पर भी ध्यान दिलाती है जिन्होंने दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाली। इन हमलों में 166 लोगों की जान गई और देश पर गहरे ज़ख्म लगे, लेकिन कुल्थे जैसी कहानियाँ उस भयानक समय में दिखाए गए साहस की मज़बूत याद दिलाती हैं। 'भारत भाग्य विधाता' 12 जून को रिलीज़ होने वाली है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682